पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने राजभवन से ऑनलाइन राजा महेन्द्र प्रताप सिंह, राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की प्रगति की समीक्षा की

———————

विश्वविद्यालय में सृजित पदों के सापेक्ष भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ हो

———————

महाविद्यालयों में नैक ग्रेडिंग हेतु तैयारी कराई जाए

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 18 जुलाई, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन से ऑनलाइन राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय के विविध प्रशासनिक मुद्दों, निर्माण कार्यों, विश्वविद्यालय संचालन हेतु पर्याप्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी वर्ग की उपलब्धता, परीक्षा सत्र तथा वित्तीय स्थिति जैसे अन्य विषयों पर वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 चन्द्रशेखर ने राज्यपाल जी को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में जनपद अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज शामिल है। इससे समबद्ध कुल 365 महाविद्यालयों में 11 राजकीय महाविद्यालय, 12 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालय तथा 342 स्वावित्त पोषित महाविद्यालय हैं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में सत्र 2022—23 में कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या—156315 है। 94.89 एकड़ के क्षेत्रफल पर विश्वविद्यालय परिसर के भवन अभी निर्माणाधीन हैं।

विश्वविद्यालय की प्रशासनिक प्रगति पर चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने सृजित पदों के सापेक्ष चयन प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भर्ती के लिए निर्धारित प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी रखने तथा सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग कराने का निर्देश भी दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में वर्तमान में कार्यरत स्टाफ डिजिटाइजेशन तथा ऑनलाइन पोर्टल की प्रगति की जानकारी भी ली। विश्वविद्यालय की वेबसाइट में आसम्बद्ध लिंक दृष्टव्य होने की जानकारी पर वेबसाइट का सिक्युरिटी आडिट कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में ''समर्थ पोर्टल'' पर कार्य करने ''दर्पण डैशबोर्ड'' पर रजिस्ट्रेशन कराकर सेवाएं प्राप्त करने का निर्देश भी दिये।

अकादमिक कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन के लिए तैयारी कराने, परीक्षा परिणामों को कम से कम समय में घोषित करने, नए सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन में बीस से तीस प्रतिशत कोर्स रिवीजन करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर नैक कार्यशाला कराकर सम्बद्ध महाविद्यालयों को नैक के उच्चतम ग्रेड हेतु तैयारी कराई जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर दीक्षांत कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी भी ली।

बैठक मे विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा न करने की स्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित होने में हो रहे विलम्ब की चर्चा होने पर राज्यपाल जी ने कहा कि विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क सीधे विश्वविद्यालय में जमा कराने के प्रावधान पर विचार किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय को शासन से प्राप्त अनुदान, खातों संख्या तथा धनाराशि की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि सेविंग खातों में जमा रकम को सावधि जमा योजना में रखा जाए। बैठक में ऑनलाइन जुड़े जिलाधिकारी, श्री इन्द्र विक्रम सिंह को विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों को शीघ्रतिशीघ्र पूरा कराने तथा विश्वविद्यालय के प्रयोग हेतु तीन से चार कमरों, शौचालय तथा फर्नीचर आदि की व्यवस्था कराने को कहा। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय से जुड़े राजकीय महाविद्यालयों एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबन्धकों से भी ऑनलाइन व्यवस्थाओं, प्रगति, शिक्षण कार्यों

की जानकारी ली। उन्होंने इन सभी महाविद्यालयों से उनकी समस्याओं, संकायों की संख्या, विद्यार्थियों की संख्या, स्वीकृत पद, रिक्त पद, भवन की स्थिति की जानकारी भी ली। ज्यादातर महाविद्यालयों ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी को सामने रखा। राज्यपाल जी ने फण्ड की कमी को पूरा करने के लिए महाविद्यालयों को रूसा में ग्रांट हेतु आवेदन कराने का निर्देश दिया।

बैठक में राज्यपाल जी ने ए0के0टी0यू0 से सम्बद्ध अलीगढ़ के इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी कॉलेजों की समीक्षा भी की। ए0के0टी0यू0 के कुलपति प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय ने अलीगढ़ से ऑनलाइन जुड़कर राज्यपाल जी को सम्बद्ध महाविद्यालयों की प्रगति एवं समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी कॉलेजों में त्वरित अनुश्रवण की व्यवस्था और उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन की तैयारी करायी जायेगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 भी लागू करायी जायेगा। राज्यपाल जी ने परीक्षा परिणामों को जारी कराने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर ही एप निर्मित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसी एजेन्सी को हायर न किया जाये।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, ऑनलाइन जुड़े अलीगढ़ के जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ के कुलपति प्रो0 चन्द्रशेखर, ए0के0टी0यू0 के कुलपति प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

––––

डॉ0 सीमा गुप्ता/कुष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361

Administration block
V.C. Residence